**आकाशवाणी शिमला**

**26.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आपातकाल को बताया देश के इतिहास का काला अध्याय–नागरिकों से संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का किया आहवान।
- केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू कल 27 और 28 जून को किन्नौर व लाहौल स्पिति जिलों में विभिन्न योजनाओं का करेंगे शुभारम्भ।
- प्रदेश में स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के प्रति जागरूकता पर आधारित अध्याय शामिल करेगी सरकार।

और

- पिछले 24 घंटों के दौरान बादल फटने की घटनाओं के बाद 5 लोग अभी भी लापता–लोगों से एहतियात बरतने की अपील।

--------

**केन्द्रीय मंत्री**

आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार इसे संविधान हत्या दिवस के रूप मे मना रही है। शिमला में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आपातकाल को देश के इतिहास में एक काला अध्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता द्वारा आपातकाल को भुलाया नहीं जाना चाहिए। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

*केन्द्रीय अप्लसंख्यक व संसदीय मामले मंत्री किरेन रिजिजू ने शिमला में चिनार का पौधा रोपित कर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या हुई थी और मीडिया को भी इसका नुकसान झेलना पड़ा था।*

*केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आपातकाल में आम लोगों की आजादी छीन ली गई थी। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए भविष्य में ऐसा काला दिन दोबारा नहीं आना चाहिए।*

*उन्होंने संविधान को बचाने के लिए सभी नागरिकों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि सभी को संविधान हत्या दिवस मनाना चाहिए।*

*इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, शिमला के सांसद सुरेश कश्यप, विधायक बलबीर वर्मा सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

**दौरा**

इस बीच केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी शिष्टाचार भेंट की। केन्द्रीय मंत्री कल 27 व 28 जून को किन्नौर और लाहौल स्पिति जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के शिरकत करेंगे। वे किन्नौर जिले के पूह में खेल स्टेडियम के शिलान्यास और लाभार्थी संवाद व जागरूकता शिविर में भाग लेंगे। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री लाहौल स्पिति के काजा में खेल प्रशिक्षण केन्द्र, आईस हॉकी रिंक व पेवेलियन सहित केलंग में सीवरेज योजना की आधारशिला भी रखेंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवाओं से ए.आई. की चुनौती को स्वीकार कर सोच–समझ कर इस तकनीक का उपयोग करने का आहवान किया है। शिमला स्थित प्रदेश विश्वविद्यालय में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत ए.आई. के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये जीवन को दिशा देने, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने की प्रेरणा भी देती है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने शिमला के 40 से अधिक स्कूलों के करीब 4 सौ 50 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित भी किया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के प्रति जागरूकता पर आधारित अध्याय शामिल किया जाएगा। वे आज शिमला में मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल कर्मचारियों के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग और तस्करी के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसमें शामिल लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**नशा निवारण**

इस बीच प्रदेश के अन्य जिलों में भी अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कांगड़ा जिले में टांडा मैडिकल कॉलेज में हुए कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और मादक द्रव्य की बढ़ती तस्करी पर चिंता जताई गई। इस दौरान टांडा मैडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मिलाप शर्मा ने आम जनता और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया। कांगड़ा जिले के राजकीय विद्यालय ढलियारा में नशे के दुष्प्रभावों पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने नशीली दवाओं की लत को रोकने में शिक्षा और जागरूकता की भूमिका पर बल दिया।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिनभर घने बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई व्यापक वर्षा और बादल फटने की घटनाओं में कई स्थानों पर जान–माल का नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर हुई बादल फटने की घटनाओं में 15 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों को भी नुकसान पहुंचा है। धर्मशाला के खनियारा में मनूनी खड्ड में बहे 3 लोगों के शव बरामद किए गए हैं जबकि 5 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार बादल फटने से 2 विद्युत परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा है जिसका आकलन किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के लोगों और पर्यटकों से एहतियात बरतने और नदी–नालों से दूर रहने का आहवान किया है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

**कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने मण्डी जिले में नाचन विधानसभा क्षेत्र की दूरदराज जाछ पंचायत में आज करीब पौने 2 करोड़ रूपए से निर्मित उप सब्जी मण्डी का लोकार्पण किया। इस सब्जी मण्डी से नाचन और करसोग विधानसभा क्षेत्र की 9 पंचायतों के किसान व बागवानों को लाभ होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि में दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार दुग्ध उत्पादन से जुड़ी सहकारी समितियों के पंजीकरण के लिए नीति में बदलाव पर विचार कर रही है। इनके पंजीकरण की शक्तियां संबंधित एस.डी.एम. को देने पर विचार किया जा रहा है।

**गोमा**

आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा ने अधिकारियों को लम्बित विकास कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज कांगड़ा जिले के लम्बा गांव में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। आयुष मंत्री ने लम्बा गांव में हिम ईरा की दुकान का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस दुकान के शुरू होने से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हुई है।

**अभियान**

प्रदेश सरकार जल्द ही पैलिएटिव देखभाल अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य बुजुर्गों और गम्भीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को घर–द्वार पर ही चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में स्वास्थ्य विभाग की बैठक में पैलिएटिव देखभाल की आवश्यकता वाले पात्र लाभार्थियों विशेषकर बुजुर्गों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पैलिएटिव देखभाल के लिए आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कांगड़ा जिले के फतेहपुर में आज करीब 10 करोड़ रूपए की लागत वाली दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें मंझार में डे–बोर्डिंग स्कूल और रैहन का सार्वजनिक पुस्तकालय शामिल है। रोहित ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार पहले चरण

में 20 राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बना रही है, जिनमें से 8 स्कूल कांगड़ा जिले में प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के निर्माण के लिए करीब 39 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है।

.........